अध्याय – 13 | जहाँ पहिया है

QUIZ-01

1. **हाँ पहिया है' पाठ के लेखक कौन हैं?**
   A. पालगम्मी साईनाथ
   B. कबीर दास
   C. ऋत्विक घटक
   D. महादेवी वर्मा (A)

व्याख्या : 'जहाँ पहिया है' के लेखक पालगम्मी साईनाथ हैं, जो ग्रामीण भारत की समस्याओं पर लिखने के लिए प्रसिद्ध हैं।

2. **ग्रामीण महिलाएँ किस प्रकार की परम्पराओं में जकड़ी हुई थीं?**
   A. बेढंग रूढ़िवादी
   B. नयी रूढ़िवादी
   C. पुरानी रूढ़िवादी
   D. इनमें से कोई नहीं (C)

व्याख्या : पाठ में उल्लेख है कि ग्रामीण महिलाएँ पुरानी रूढ़िवादी परंपराओं में जकड़ी हुई थीं, जिससे उनका विकास रुक गया था।

3. **पुडुकोट्टई की गणना भारत के किन जिलों में होती है?**
   A. संपन्न B. अनपढ़
   C. शिक्षित D. पिछड़े (D)

व्याख्या : पुडुकोट्टई को भारत के सबसे पिछड़े जिलों में गिना जाता है, जहाँ महिलाओं को अवसर कम मिलते थे।

4. **'पुडुकोट्टई' किस राज्य में स्थित है?**
   A. मिजोरम B. चेन्नई
   C. अहमदाबाद D. तमिलनाडु (D)

व्याख्या : पुडुकोट्टई तमिलनाडु राज्य का एक जिला है।

5. **ग्रामीण महिलाओं ने किसे प्रतीक के रूप में चुना?**
   A. अपनी हिम्मत
   B. अपनी बल
   C. अपनी काबिलियत
   D. अपनी गतिशीलता (D)

व्याख्या : महिलाओं ने साइकिल को अपनी "गतिशीलता" का प्रतीक माना जिससे उन्हें स्वतंत्रता और आत्मनिर्भरता मिली।

6. **किलावुफरुचि गाँव की महिलाओं ने क्या ठान रखा था?**
   A. साइकिल चलाना सीखने की
   B. महिलाओं का समर्थन करने की
   C. विरोध करने की
   D. आंदोलन करने की (A)

व्याख्या : गाँव की महिलाओं ने ठान लिया था कि वे साइकिल चलाना जरूर सीखेंगी, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें।

7. **'नवसाक्षर' शब्द का क्या अर्थ है?**
   A. नयी पढ़ी-लिखी
   B. लिखी-पढ़ी
   C. साक्षात्कार
   D. इनमें से कोई नहीं (A)

व्याख्या : नवसाक्षर' का अर्थ होता है – हाल ही में पढ़ना-लिखना सीखी महिला।

8. **पुडुकोट्टई की अधिकांश ग्रामीण महिलाएँ कैसी थीं?**
   A. नवसाक्षर B. गरीब
   C. शिक्षित D. अमीर (A)

व्याख्या : पाठ के अनुसार, वहाँ की अधिकतर महिलाएँ हाल ही में साक्षर हुई थीं, इसलिए उन्हें 'नवसाक्षर' कहा गया।

9. **पुडुकोट्टई ज़िले में किसकी धूम थी?**
   A. मेला
   B. साइकिल
   C. नववर्ष
   D. होली (B)

व्याख्या : पाठ में बताया गया है कि पुडुकोट्टई ज़िले में साइकिल की धूम मची हुई थी क्योंकि महिलाएँ इसे बड़ी संख्या में चलाने लगी थीं।

10. **पुडुकोट्टई ज़िले में साइकिल चलाने का आंदोलन कैसा था?**
    A. सामाजिक
    B. राष्ट्रीय
    C. धार्मिक
    D. प्रादेशिक (A)

व्याख्या : यह आंदोलन सामाजिक परिवर्तन का प्रतीक था, जिसमें महिलाओं ने साइकिल चलाकर अपनी स्वतंत्रता और आत्मबल को प्रकट किया।

मिशन ज्ञान
जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App